an>

Title: Presentation of the 24th to 31st Reports of the Standing Committee on Defences.

मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूड़ी एवीएसएम (सेवानिवृत्त) (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं रक्षा संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूँ :-

(1) सामान्य रक्षा बजट, रक्षा मंत्रालय के सिविल व्यय (मांग सं. 20) और रक्षा पेंशन (मांग सं. 21) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-17) के बारे में 19वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 24वाँ प्रतिवेदन।

(2) थल सेना, नौ सेना और वायु सेना (मांग सं. 22) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-17) के बारे में 20वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 25वाँ प्रतिवेदन।

(3) रक्षा मंत्रालय (प्रकीर्ण) (मांग सं. 20) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-17) के बारे में 21वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 26वाँ प्रतिवेदन।

(4) रक्षा सेवाएं, प्रापण नीति और रक्षा आयोजना पर पूंजीगत परिव्यय (मांग सं. 23) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2016-17) के बारे में 22वें प्रतिवेदन (16वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 27वाँ प्रतिवेदन।

(5) सामान्य रक्षा बजट, सीमा सड़क संगठन, भारतीय तटरक्षक बल, सैन्य अभियांत्रिकी सेवाएं कैंटीन स्टोर्स विभाग, रक्षा संपदा महानिदेशालय, सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, रक्षा पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य स्कीम (अनुदान सं. 19 और 22) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 28वाँ प्रतिवेदन।

(6) थल सेना, नौ सेना और वायु सेना (मांग सं. 20) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 29वाँ प्रतिवेदन।

(7) आयुध निर्माणियां, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय और राÂट्रीय कैडेट कोर (अनुदान सं. 20) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 30 वाँ प्रतिवेदन।

(8) रक्षा सेवाएं, रक्षा आयोजना और प्रापण नीति पर पूंजीगत परिव्यय (अनुदान सं. 21) पर रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2017-18) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 31वां प्रतिवेदन।

माननीय अध्यक्ष : श्री राजनाथ सिंह जी।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह उत्तर प्रदेश की घटना के संबंध में स्टेटमेंट है, इसलिए आप कृपया बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)